मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 02/03/2018, दिनांक 06.07.2018

सह प्राध्यापक

के पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन की लिंक पुनः प्रारम्भ करने तथा अभिलेख प्रेषण की प्रक्रिया के संबंध में

ऑनलाइन आवेदन अवधि	अभिलेखों सहित आयोग कार्यालय में आवेदन-पत्र जमा
दिनांक **07.07.2018** से **31.07.2018** तक	करने की अंतिम तिथि 16.08.2018 (सायं 5:30 बजे तक)

01 आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत **डा. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू** हेतु **विभिन्न विषयों के सह प्राध्यापकों** (Associate Professors) के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 03/2018, दिनांक **03.05.2018** आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है तथा **"रोजगार और निर्माण"** समाचार पत्र के दिनांक **07.05.2018** के अंक में प्रकाशित किया गया है। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **14.06.2018** थी।

02 उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की लिंक पुनः प्रारम्भ की जा रही है। आवेदन प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :-

1. अभ्यर्थी दिनांक **07.07.2018** से **31.07.2018** तक **www.mponline.gov.in, www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर आवेदन भर सकेंगें। ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में दिनांक **12.07.2018** से **02.08.2018** तक त्रुटि सुधार किया जा सकेगा। ऑफलाइन आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगें। 1
2. ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ कोई अभिलेख अपलोड नहीं करना है। ऑनलाइन आवेदन-पत्र में केवल यह उल्लेख करना है कि ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ आयोग को भेजे जाने वाले कौन- कौन से अभिलेख है तथा उनकी पृष्ठ संख्या की जानकारी से संबन्धित प्रपत्र की हस्ताक्षरित प्रति भी ऑनलाइन आवेदन -पत्र के साथ अपलोड करना आवश्यक है।
3. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के बाद उसके प्रिंट-आउट के साथ अपनी अभिलेख सूची तथा अर्हता से संबधित अभिलेखों (जिनकी पृष्ट संख्या वही होनी चाहिए जो अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अपलोड प्रपत्र में उल्लेखित की है) को संलग्न कर दिनांक 16.08.2018 (सायं 5:30 बजे तक) आयोग कार्यालय में जमा करायें। अभ्यर्थी ऑनलाइन भरे हुये आवेदन-पत्र का प्रिंट-आउट तथा अर्हता के अभिलेख डाक से भी प्रेषित कर सकते है किन्तु **डाक आदि के विलंब हेतु आयोग उत्तरदायी नहीं रहेगा तथा केवल उक्त निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक प्राप्त आवेदन-पत्रों पर ही विचार किया जाएगा।**

03 जो अभ्यर्थी पूर्व में ऑनलाइन आवेदन कर चुके है वे कृपया पुनः आवेदन न करें।

04 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

सचिव